बुधवार
11 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


लालू यादव बिहार के लिए राजनीतिक कैंसर: सम्राट



## मुख्यमंत्री योगी की कैबिनेट ने सीएम ग्रिड्स योजना को दी मंजूरी, इधर, नीतीश कैबिनेट में 14 एजेंडों पर मुहर

# 500 करोड़ रुपए से उत्तर प्रदेश की सड़कों को मिलेगा इंटरनेशनल लुक

- प्रथम चरण में 17 नगर निगमों में सड़क निर्माण संबंधी कार्यों की होगी शुरूआत, 10-45 मीटर के बीच की सड़कों को दिया जाएगा आधुनिक रूप
- दूसरे चरण में 200 नगरपालिकाओं और 545 नगर पंचायतों की सड़कों को भी योजना में किया जाएगा शामिल
- बस अड्डों को आधुनिक एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी



**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में बढ़ते नगरीकरण के कारण सड़कों पर आए अतिरिक्त वाहनों के बोझ को कम करने तथा आवागमन में सुगमता बनाए रखने के लिए योगी सरकार ने एक अभिनव पहल की है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को प्रदेश के सभी शहरों की सड़कों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) यानीह्यसीएम ग्रिड्स योजनाह्नको मंजूरी दे दी है। इससे शहरों की सभी सड़कों को सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी बनाया जाएगा तथा ये सड़कें हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल होंगी। ये महत्वाकांक्षी योजना प्रथम चरण में 17 नगर निगमों में सड़क निर्माण संबंधी कार्य होगा तथा 10-45 मीटर के बीच की सभी सड़कों को अत्याधुनिक सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। दूसरे चरण में 200 नगरपालिका और 545 नगर पंचायतों की सड़कों को शामिल किया जाएगा।

**यूरिडा करेगा सड़क के विकास, वित्त पोषण और कार्यों की निगरानी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मंगलवार को 21 प्रस्तावों में से 19 प्रस्तावों को मंजूर किया गया। इसमें से नगर विकास विभाग के 03 प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली है। इसमें सबसे प्रमुख प्रस्ताव मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) यानी सीएम ग्रिड योजना भी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद लोक भवन के मीडिया सेंटर में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी शहरों की सड़कों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन), ह्यसीएम ग्रिड्स योजनाह्नमंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार निकायों की सड़कों के विकास, वित्त पोषण और कार्यों की निगरानी के लिए अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) की स्थापना करेगी। यूरिडा के कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इसके कार्यों की भी निगरानी की जाएगी। इस योजना के तहत किसी भी निकाय को प्रतिवर्ष अधिकतम 100 करोड़ रुपए का अनुदान मिलेगा। 10 प्रतिशत अंश का व्यय निकाय स्वयं अपनी निधि से उठाएगा। इस योजना के आने से नगरीय सड़कें सुरक्षित रहेंगी, वायु गुणवत्ता और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### बड़ी सड़क दुर्घटनाओं की जांच अब कमेटी करेगी

योगी सरकार बड़ी रोड दुर्घटनाओं की जांच अब कमेटी द्वारा कराएगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इसको लेकर भी कैबिनेट का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। ऐसी दुर्घटनाएं जिनमे 3 या इससे अधिक लोगों की मृत्यु होगी उसकी जांच सरकार एक विशेष कमेटी द्वारा कराएगी। इस कमेटी में परिवहन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के सदस्य होंगे। साथ ही रोड सेफ्टी के समाजसेवी भी शामिल होंगे। इससे क्लेम मिलने मे सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे यह कमेटी गठित की जाएगी। परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता मे राज्य स्तर पर भी कमेटी गठित होगी। वहीं बस अड्डों को आधुनिक एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। पहले चरण मे लखनऊ समेत 5 बस अड्डे इस परियोजना मे आएंगे। लखनऊ (विभूतिखण्ड गोमतीनगर), आगरा (फोर्ट), प्रयागराज (सिविल लाइंस), गाजियाबाद (कौशाम्बी) समेत 5 बस अड्डो का शिलान्यास नवरात्र मे मुख्यमंत्री कर सकते हैं। साथ ही 18 और बस अड्डो को भी इसमें मंजूरी दी गई है जिनके लिए टेंडर जल्द जारी होंगे।

### 62 की जगह 65 वर्ष की उम्र में रिटायर होंगे चिकित्साधिकारी

योगी कैबिनेट ने प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत कार्यरत लेवल 1, लेवल 2, लेवल 3, लेवल 4 तक के चिकित्साधिकारियों की सेवानिवृत आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। लेकिन यह निर्णय प्रशासनिक स्तर पर आसीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियो पर लागू नहीं होगा। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर आसीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी 62 वर्ष में ही सेवनिवृत होंगे। उदाहरण के तौर पर जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, प्रधानाचार्य ट्रेनिंग सेंटर, महानिदेशक आदि 62 वर्ष के ही आयु मे सेवनिवृत होंगे।

### वंदन योजना को मिली मंजूरी 50 करोड़ रुपए का प्रावधान

नगर विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थित सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना सुविधाओं के विकास एवं सुशोभन के लिए वंदन योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिली है और इस योजना के तहत 50 करोड़ रुपए का प्राविधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री ने इसमें और अधिक धनराशि बढ़ाने का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी कमेटी ऐसे स्थलों का चयन करेगी। इस योजना के तहत ऐसे स्थलों पर संपर्क मार्ग, विश्राम स्थल, शेड, पेयजल की व्यवस्था, लाइटिंग, पेन्टिंग, इन्टरलाकिंग, परिक्रमा पथ, घाटों का निर्माण आदि कार्यों को पर्यटन विभाग से समन्वय कर कराया जाएगा।

# बिहार के सभी आठ सेंट्रल जेल में होगी एक-एक मनोचिकित्सक की नियुक्ति

- पैक्स-व्यापार मंडलों की ओर से ससमय सीएमआर आपूर्ति करने पर प्रोत्साहन राशि बढ़ी
- बक्सर के राजपुर अंचल के तत्कालीन सीओ सेवा से बर्खास्त



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित बैठक में कुल चौदह एजेंडों पर मुहर लगी है। इसमें राजस्व एवं भूमि सुधार, वित्त विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, सहकारिता विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, निर्वाचन विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से जुड़े चौदह प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति दी है। वहीं, शिक्षकों को राज्यकर्मी के दर्जा देने की चर्चा तेज हो रही थी। लेकिन ऐसा हो ना सका। नीतीश सरकार कैबिनेट बैठक में शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने पर फैसला ले सकती है। मगर ऐसा नहीं हुआ है।

पैक्स-व्यापार मंडलों की ओर से ससमय सीएमआर आपूर्ति करने पर सरकार ने प्रोत्साहन राशि को बढ़ा दिया है। चावल आपूर्ति के लिए दी जाने वाली प्रति क्विंटल 10 की राशि को बढ़ाकर तीस जून तक शत प्रतिशत आपूर्ति करने पर 30 प्रति क्विंटल, 31 जुलाई तक शत प्रतिशत आपूर्ति करने पर 25 प्रति क्विंटल, एवं उसके बाद शत प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति करने पर 20रु. प्रति क्विंटल की दर से अनुदान राशि की भुगतान की स्वीकृति दी गई है।

### कैबिनेट की बैठक में लिये गए अन्य फैसले

सरकार ने मंगलवार को हुई अपनी कैबिनेट की बैठक में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविध्यालय के प्रथम परिनियम को भी अपनी मंजूरी दे दिया है। कैबिनेट की बैठक में जल संसाधन विभाग ने सात सिंचाई अंचल पदाधिकारी का बिहार राजस्व सेवा के मूल कोटि के पद राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड में सेवा समायोजन की स्वीकृति दे दी है। चुनावी कार्य में लगे कर्मी और सुरक्षा कर्मी कार्य दायरा बढ़ा अब राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत पर अनुदान राशि दिया जायेगा है। चुनाव आयोग दिल्ली के तय राशि दी जाएगी। बिहार में लोकसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए अब चुनाव संचालन पुस्तिका की छपाई कोलकाता में की जाएगी। कोलकाता के सरस्वती प्रेस में पुस्तिका की छपाई पर कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। सिविल विमानन मुख्य उडययन प्रशिक्षक कैप्टन शिव प्रकाश का सेवा विस्तार किया गया है। 31अक्टूबर 2024 तक वे पद पर बने रहेंगे. कैप्टन शिव प्रकाश के सेवा विस्तार पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

बक्सर के राजपुर अंचल के तत्कालीन अंचल अधिकारी राकेश कुमार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग संशोधन नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई है। निर्वाचन कार्य के दौरान चुनाव कमी, सुरक्षा कर्मी की मृत्यु या स्थाई अपंगता की स्थिति में दिए जाने वाले अनुग्रह अनुदान को लेकर भी कैबिनेट की मुहर लगी है। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय पटना के प्रथम परिनियम की स्वीकृति दी गई है। बिहार के सभी आठ केंद्रीय कारा में संविदा पर एक-एक मनोचिकित्सक का पद सृजित किया गया है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र प्रसाद मिश्रा की सेवा निवृत्ति के बाद इस पद पर अगले दो वर्षों के लिए संविदा पर नियोजन की स्वीकृति दी गई है।

जल संसाधन विभाग के कुल सात सिंचाई अंचल पदाधिकारियों को बिहार राजस्व सेवा के मूल कोटि पद राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड में सेवा समायोजन किया गया है। राजकीय अतिथि शाला के तत्कालीन अधीक्षक कृष्ण कुमार यादव को केंद्रीय श्रम सेवा के अनुरूप केंद्रीय वेतनमान का लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई है।

## मधुबनी में केनरा बैंक को लूटने का प्रयास, विरोध करने पर बदमाशों ने चपरासी को मार दी गोली

**केटी न्यूज/पटना**

मधुबनी के रहिका थाना क्षेत्र के कपिलेश्वर स्थान चौक स्थित केनरा बैंक को बदमाशों ने मंगलवार को लूटने का प्रयास किया। दिनदहाड़े हथियार लेकर पांच की संख्या में बदमाश पहुंचे थे। लूट के दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने चपरासी के पेट में गोली मार दी। गंभीर हालत में चपरासी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने दो लुटेरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इस बीच तीन अन्य लुटेरे मौके से फरार हो गए. सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों लुटेरों को हिरासत में ले लिया।

वहीं सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की जा रही है। हिरासत में लिए लुटेरों से पुलिस पूछताछ कर रही है. लुटेरों के पास से एक बाइक के अलावा एक पिस्टल और कुछ अन्य आपत्तिजनक सामान मिले हैं। केनरा बैंक के असिस्टेंट मैनेजर राघव कुमार के अनुसार, मंगलवार की सुबह हर दिन की तरह बैंक खुला था। बैंक के खुलने के कुछ देर बाद ही बदमाश बैंक लूटने आ गए। उन्होंने बैंक में घुसते ही मैनेजर संतोष यादव के केबिन में जाकर उनके ऊपर पिस्टल तान दी। इस दौरान बैंककर्मियों ने बदमाशों को घेर लिया और मैनेजर ने पिस्टल पकड़ ली। उसी दौरान बचाने आए चपरासी सिंटू महतो के पेट में बदमाशों ने गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर बदमाश भागने लगे लेकिन लोगों ने उन्हें पकड़ लिया।


**10.30 बजे के आसपास बैंक में घुसे थे बदमाश:** इस घटना के बाद सदर एसडीपीओ राजीव कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि केनरा बैंक की ककरौल शाखा में सुबह साढ़े 10 बजे बदमाश घुसे थे। चपरासी संटू महतो ने एक अपराधी को पीछे से पकड़ लिया जिस पर दूसरे अपराधी ने गोली चला दी। गोलीबारी में चपरासी घायल हो गया। अपराधियों ने सात मिनट तक उपद्रव मचाया।

## पटना में सेवानिवृत कर्मी से पांच लाख रुपए की छिनतई कर बदमाश फरार

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक सेवानिवृत शख्स से पांच लाख रुपये छिनतई कर फरार हो गये। घटना सचिवालय थाना क्षेत्र का है। पीड़ित ने बताया कि एसबीआई से रुपया निकाल कर जैसे ही बैंक परिसर से आगे बढे, एक बाइक पर सवार दो अपराधी रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गये। पीड़ित शख्स सूर्य कुमार गुप्ता हैं जो कदमकुआं थाना क्षेत्र के जहाजी कोठी के रहने वाले हैं। वह पंचायती राज्य से सेवा निवृत हैं।

घटना के संबंध में सूर्य कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार के दोपहर में सचिवालय थाना क्षेत्र स्थित स्ट्रक बैंक से पांच लाख रुपया निकालकर अपने घर की ओर निकले। गेट से आगे बढ़ते ही बाइक पर सवार दो अपराधी आये और बाइक पर पीछे बैठा अपराधी बैग छिनकर फरार हो गया। काफी चीखने चिल्लाने का भी कोई असर नहीं हुआ और इस तरह अपराधी रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गये। पीड़ित सूर्य कुमार गुप्ता ने तुरंत घटना की जानकारी सचिवालय थाना को दी। पुलिस के कहने पर सूर्यकुमार गुप्ता ने थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अपराधियों की शिनाख्त में जुट गई है।





### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर विशेष

# जेपी ने देश के सियासत की दशा दिशा बदलकर रख दी थी

**मुरली मनोहर श्रीवास्तव**

एक नाम जो किसी के आगे नहीं झुका, वह है लोकनायक जयप्रकाश। आजादी के पहले और बाद जेपी आजीवन भारत को बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए लड़ते रहे। अन्याय के खिलाफ आजाद भारत के सबसे बड़े जनांदोलन के प्रतीक पुरुष रहे जेपी ने सत्ता की कुर्सी से दूर रहकर भी जो अलख जगाई, वह आज भी इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। 11 अक्टूबर 1902 को सिताबदियारा में विजयादशमी के दिन लोकनायक जयप्रकाश नारायण का जन्म हुआ था। माता फुलरानी व पिता हरसुदयाल के सुपुत्र की प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही शुरू हुई। उन्होंने देश की आजादी के साथ-साथ इसके बाद के आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई थी।



बात 4 नवंबर, 1974 की है। उस समय पटना में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विधानसभा के समक्ष जबरदस्त प्रदर्शन करने का निर्णय किया गया। जयप्रकाश नारायण सुबह नौ बजे जीप में बैठकर प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए कदमकुआं स्थित अपने निवास महिला चरखा समिति के कार्यालय से निकल पड़े। बहुत ज्यादा भीड़ होने के कारण पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने में असमर्थ लग रही थी। जब प्रदर्शनकारी सचिवालय की ओर जानेवाली सड़क पर पहुंचे, तब एकाएक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सी.आर.पी. के जवानों ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध लाठियां बरसाते हुए अश्रु गैस के गोले छोड़ने आरंभ कर दिए।

जेपी से यह देखा नहीं गया, वे उन्हें रोकने के लिए जीप से कूद गए। उन्होंने रौब भरे स्वर में जवानों को लताड़ते हुए कहा, 'क्यों निहत्थे युवकों को इतनी बेरहमी से मार-पीट रहे हैं।' इस पर एक जवान ने लाठी उठाकर जेपी के सिर पर निशाना लगाया। उनके साथ वहाँ मौजूद नानाजी देशमुख और कांग्रेस नेता श्यामनंदन मिश्र आदि ने लपककर लड़खड़ाते जयप्रकाश नारायण को थाम लिया। लाठी के प्रहार नानाजी देशमुख की बांह में लगी और उनकी बांह टूट गई। जेपी कुछ क्षण के लिए मूर्च्छित हो गए। सड़क के किनारे एक खटिया लाकर पेड़ के नीचे लिटाया गया और उनके मुंह पर पानी के छींटे दिए गए, जिससे उनकी मूर्च्छा टूटी। उस दिन लगभग तीन हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें नानाजी देशमुख के अतिरिक्त सत्येंद्र नारायण सिंह और दिग्विजय नारायण सिंह भी शामिल थे। जयप्रकाश नारायण ने उस दिन क्षुब्ध होकर कहा था कि पचास वर्षों के अपने सामाजिक-राजनीतिक जीवन में उन्होंने ऐसी बर्बरता कभी नहीं देखी थी। उन्होंने कहा कि अगर वे जिंदा रहे तो इन बर्बर लोगों को सबक सिखाकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज से हमारी लड़ाई बिहार की गफूर सरकार से नहीं, बल्कि अब यह लड़ाई भारत की जनता और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बीच हो गई है।

कई राजनीतिक विश्लेषकों का विचार था कि बात गफूर सरकार तक सीमित नहीं थी। वे तो एक अधिक बड़ी और महत्त्वपूर्ण राजनीतिक बाजी के मोहरा भर थे। जयप्रकाश नारायण का आंदोलन तात्कालिक भले ही गफूर सरकार के विरुद्ध था लेकिन यह जाहिर था कि लाठीचार्ज में बेहोश हो जाने के बाद होश में आने पर जयप्रकाश नारायण सिर पर गमछा लपेटे लाठी के सहारे नानाजी देशमुख व अन्य के साथ जुलूस में आगे बढ़ते हुए चल पड़े। इसके बाद तो उन्होंने ऐसा आंदोलन छेड़ा कि वह इतिहास बन गया। इस आंदोलन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जेपी से अच्छे संबंधों के बावजूद उनकी नाफरमानी के खिलाफ जेपी को खड़ा होना पड़ा और सियासत की रंग ऐसी बदली की आज तक बदलाव को लेकर राजनेता अपनी-अपनी भूमिका निभाते आ रहे हैं। जब सत्ता कमान से बाहर होकर निरंकुश हो जाती है तो निश्चिततौर पर एक बदलाव की बयार बहती है और वही आगे चलकर एक इतिहास बन जाता है।

### राजद सुप्रीमो के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की आपत्तिजनक टिप्पणी तो उखड़े तेजस्वी

# लालू यादव बिहार के लिए राजनीतिक कैंसर: सम्राट

# सम्राट की हैसियत नहीं लालू जी को बोलने की: तेज प्रताप

- बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद को जातीय उन्माद फैलाने वाला कहा
- बोले- बिहार में अगली सरकार भाजपा की बनेगी और नीतीश व लालू को सत्ता से बाहर कर देंगे





**केटी न्यूज/पटना**

जातीय जनगणना के रिपोर्ट का विरोध करने वालों के खिलाफ राजद प्रमुख लालू यादव की टिप्पणी पर भाजपा ने करारा जवाब दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू यादव को बिहार का राजनीतिक कैंसर करार दिया है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार उनका बचाव कर रहे हैं तो दोनों का इलाज हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में अगली सरकार भाजपा की बनेगी और इन दोनों को सत्ता से बाहर कर देंगे। सोमवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जातीय जनगणना के आंकड़ों को फर्जी बताने वालों के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश का इजहार किया। इसी क्रम में उन्होंने लिखा था कि कैंसर का इलाज सिर दर्द की दवा खाने से नहीं होगा।

मंगलवार को बीजेपी ने इसका झन्नाटेदार जवाब दे दिया। पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि जातीय उन्माद फैलाने वाले लालू यादव खुद बिहार के लिए राजनीतिक कैंसर हैं।उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीति में कोई एक व्यक्ति यदि पॉलिटिकल कैंसर बन गया है तो उसका नाम है लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार उनका बचाव कर रहे हैं। एक समय था जब नीतीश कुमार ने चारा घोटाला में उन्हें जेल भिजवाया और आज भी लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव कानून के कटघरे में बार-बार खड़े होते हैं। फिर भी नीतीश जी उनका समर्थन करते हैं तो भारतीय जनता पार्टी ने दोनों का इलाज शुरू कर दिया है उन्होंने दावा किया कि बिहार में आगामी सरकार बीजेपी की बनेगी और दोनों सत्ता से बाहर हो जाएंगे। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार मजबूती के साथ बनी रहेगी।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद यादव बिहार में आतंक राज और गुंडाराज के प्रतीक हैं और उन्हें सजा दिला कर ने कुमार या साबित कर दिया। प्रदेश में अव्यव फैलाने वाले तंत्र का नाम लालू यादव है । जातीय उन उनका शौक है जिसे वह 1990 से अंजाम देते आ रहे हैं। उससे भी नहीं हुआ तो 2015 के चुनाव में उन्होंने बैकवर्ड फॉरवर्ड का नारा देकर समाज को बांट दिया। लेकिन अब बिहार की जनता उनकी चाल को समझ चुकी है।

### सम्राट तो खुद शकुनी मामा के पुत्र हैं जो महाभारत करवाए थे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के लालू प्रसाद पर की गई टिप्पणी पर उपमुख्यमंत्री तेज प्रताप यादव ने बड़ा बयान दे दिया है। पहले तो उन्होंने मीडिया के जरिए सम्राट चौधरी से उनकी हैसियत पूछ ली फिर उनके दिवंगत पिता और पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी पर भी टिप्पणी कर दी। मंत्री तेज प्रताप यादव ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सम्राट चौधरी होते कौन हैं ऐसा बयान देने वाले? सम्राट चौधरी की हैसियत है क्या लालू जी के सामने बोलने की। वह तो खुद शकुनी मामा के पुत्र हैं जो महाभारत करवाए थे। तेज प्रताप यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी की इतनी हैसियत नहीं है कि वह लालू जी के बारे में कुछ बोल पाएं।

# आशा कल्पना और सेविका ललिता कुमारी सम्मानित

### उत्कृष्ट कार्य के लिए केंद्रीय मंत्री से मिला सम्मान



**केटी न्यूज/पटना**

बाल कुपोषण पर प्रहार करने के लिए राज्य सहित पूरे देश में कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति में समेकित बाल विकास विभाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा इसमें स्वास्थ्यकर्मी भी अपना सहयोग कर रहे हैं। बाल कुपोषण के प्रबंधन एवं रेफरल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की दो महिलाओं को सोमवार को नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, स्मृति ईरानी द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

**अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन में कार्य प्रशंसनीय:** निदेशक, समेकित बाल विकास निदेशालय, बिहार सरकार डॉ. कौशल किशोर ने कहा कि अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन एवं रेफरल सेवा प्रदान करने के लिए राज्य की दो महिलाओं को सम्मानित किया गया है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है और मुझे उम्मीद है इससे सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मी बेहतर कार्य करने को प्रेरित होंगे।

आयोजित कार्यक्रम में भागलपुर जिले में कार्यरत आंगबाड़ी सेविका ललिता कुमारी एवं खगड़िया जिले में अपनी सेवा प्रदान करने वाली आशा कार्यकर्ता कल्पना कुमारी को



अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन एवं रेफरल सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, स्मृति ईरानी द्वारा विज्ञानं भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों से चयनित एक आशा एवं एक आंगनवाड़ी सेविका को केंद्रीय मंत्री द्वारा कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राज्य की तरफ से पोषण अभियान के राज्य के स्वास्थ्य एवं पोषण सलाहकार डॉ. मनोज कुमार, भागलपुर सदर की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रूबी सिंह, भागलपुर सदर की महिला पयेर्वेक्षिका लक्ष्मी कुमारी, आंगनवाड़ी सेविका ललिता कुमारी, खगड़िया की जिला योजना समन्वयक हेमलता जोशी, आशा कल्पना कुमारी तथा आशा ललिता कुमारी शामिल रहीं।

# 14 से गया से अलग-अलग देशों के लिए शुरू होगी सीधी फ्लाइट सेवा

**केटी न्यूज/पटना**

14 अक्टूबर से गया से अलग-अलग देशों के लिए सीधी फ्लाइट सेवा शुरू की जा रही है। यह सेवा गया एयरपोर्ट से भूटान, म्यांमार और थाईलैंड के लिए विमान सेवा शुरू होगी। हालांकि हाल ही में वियतनाम से पहली चार्टर्ड फ्लाइट यात्रियों को लेकर गया एयरपोर्ट पहुंची है। साथ ही श्रीलंका के लिए सीधी विमान सेवा शुरू होने की संभावना है। 14 अक्टूबर से फ्लाइट सेवा शुरू होगी। यंगून-गया-यंगून फ्लाइट सेवा सप्ताह में 6 दिन मंगलवार से रविवार को है। लेकिन, सोमवार को फ्लाइट सेवा नहीं है। म्यांमार नेशनल एयरलाइंस 18 अक्टूबर से चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शुरू होगा। इसके अलावे बोधगया से बैंकाक के लिए पहली बार नोक एयर 29 अक्टूबर से सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शुरू होगी।

वियतनाम हनोई से गया एयरपोर्ट के लिए 8 चार्टर्ड फ्लाइट सेवा 9 और 22 अक्टूबर 2, 11, 16, 30 नवंबर और 23 दिसंबर और 01 जनवरी 2024 को निर्धारित है। साथ ही अब भूटान की डूक एयरवेज ने अपना फ्लाइट शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 30 दिसंबर से सप्ताह में 2 दिन पारो-गया-पारो शुरू करने जा रही है।

# सीएम नीतीश ने भीम संसद रथ को किया रवाना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट के बाद अब चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के साथ बिहार में 2025 में विधानसभा का भी चुनाव होना है। इस बीच सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू भीम संसद का आयोजन करने जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार की सुबह एक अणे मार्ग से भीम संसद रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भीम संसद रथ के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के आदर्श, विचार एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सादा, जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद रहे।



जेडीयू मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने 17-18 वर्षों में जो समानता की बात की और जिस तरह से उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था से लेकर हर जगह आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से हमें सफल बनाने का जो प्रयास किया है उसके लिए हम लोग अपने नेता (नीतीश कुमार) के कार्यक्रमों को जन-जन तक ले जाएंगे। हमारे सभी दलित भाइयों ने पांच नवंबर को भीम संसद करने का निर्णय लिया है। उसके लिए सभी लोगों को आमंत्रण देने के लिए आज नेता नीतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर हम लोगों को रवाना किया है। दरअसल पांच नवंबर को पटना के वेटरनरी ग्राउंड में भीम संसद कार्यक्रम होगा। इसमें इंडिया गठबंधन और विपक्षी दलों के लोग जुटेंगे। भीम संसद रथ पूरे बिहार में भ्रमण करेगी और लोगों को पांच नवंबर को पटना आने के लिए जागरूक करेगी।



# फॉलो अप राउंड के दौरान एमडीए का लक्ष्य किया जाएगा पूरा: एसीएमओ

- फॉलो अप राउंड में एमडीए से वंचित लाभुकों को खिलाई जा रही है फाइलेरिया रोधी दवाएं
- दवा का सेवन मना करने वालों को किया जा रहा मोबलाइज एवं जागरूक



**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिले में चलाए जा रहे है एमडीए अभियान के समापन के बाद छूटे हुए लाभार्थियों के लिए फॉलो अप राउंड चलाया जा रहा है। ताकि, कोई भी लाभुक दवाओं का सेवन करने से न छूटे। इस क्रम में माइक्रो प्लान के तहत छूटे हुए बूथ और घरों को चिह्नित करते हुए विशेष अभियान के तहत लाभुकों का दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग व सहयोगी संस्थान मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस क्रम में बीते दिन जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर छात्रावास और केके मंडल महिला कॉलेज में छूटे हुए लाभुकों को दवाओं का सेवन कराने के लिए विशेष बूथ लगाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अल्बेंडाजोल और डीईसी की दवाओं का सेवन कराया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार एमडीए अभियान के दौरान 70 प्रतिशत लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया गया है। वहीं, सोमवार तक जिले के 86 प्रतिशत लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया गया है।

लाभुकों को किया जा रहा है जागरूक : पीसीआई इंडिया के डीएमसी शादाब आलम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग प्रतिदिन एमडीए अभियान का अनुश्रवण व निगरानी कर रहा है। जिससे छूटे हुए लाभुकों को आसानी से चिह्नित किया जा सका। उसकी आधार पर छूटे हुए लाभुकों और रिफ्यूजल के मामलों को ब्रेक करते हुए लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने फ्रंटलाइन वर्कर्स से एमडीए की दवाओं का सेवन करने से मना कर दिया था, उन्हें फाइलेरिया के संबंध में पूरी जानकारी दी जा रही है। साथ ही, उन्हें फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के एमडीए की महत्ता के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। जिससे रिफ्यूजल के मामलों को ब्रेक किया जा रहा है।

## जिले में 13 अक्टूबर तक चलेगा फॉलो अप राउंड

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस बार एमडीए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधियों के कार्यों की बदौलत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया गया है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इस बार लोगों ने दवाओं का सेवन किया है, उसे देखकर यह कहा जा सकता है कि लोग पहले की अपेक्षा काफी जागरूक हुए हैं। एमडीए अभियान के फॉलो अप राउंड के समापन तक जिले के सभी लाभुकों को दवाओं का सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे पूरा करने में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तत्पर है। साथ ही, अभियान के प्रतिदिन अनुश्रवण से इसके सफल संचालन में काफी हद तक सहायता मिली है।

## एक नजर


### रामपुर में बीडीओ की अध्यक्षता में जन संवाद का आयोजन, दी गई योजनाओं की जानकारी

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर पंचायत भवन के प्रांगण में मंगलवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का मकसद सिर्फ यही है कि सरकार की चल रही तमाम योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक किया जाए और साथ ही उनसे फीडबैक भी लिया जाए। पिछले 10 सालों तक सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्या फलाफल हुआ है। वही जन संवाद कार्यक्रम में पंचायत के समस्या की जानकारी ली गई। जिसे दूर करने को ले संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रभारी कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार,कृषि समन्वक हरीश चंद्र पासवान,राजस्व कर्मचारी अमितेश कुमार,रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे सहित मनरेगा कर्मी,सरपंच विष्णु देव पासवान, बीडीसी मंजू देवी सहित अन्य मौजूद थे।



### अच्छी खबर : शिविर लगा उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करेगी बिजली कंपनी

**डुमरांव।** विद्युत विपत्र की गड़बड़ी तथा उपभोक्ताओं की अन्य शिकायतों के समाधान के लिए बिजली कंपनी अब गंभीर हो गई है। कंपनी बुधववार व शुक्रवार को स्थानीय कार्यालय में शिविर का आयोजन कर क्रमशः शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुन उसका समाधान करेगी। खास यह कि इस शिविर में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम आरा के पदाधिकारी शामिल होंगे। बिजली कंपनी के एसडीओ राकेश कुमार दूबे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं के पास यदि विपत्र की गड़बड़ी या अन्य कोई शिकायत है तो ऐसे उपभोक्ता इस शिविर का लाभ उठा सकते है। फोरम उपभोक्ताओं की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर उनका समाधान करेगी। बिजली कंपनी द्वारा शिविर में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में माइकिंग करा प्रचार कराया जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो सके। सहायक अभियंता ने बताया कि 11 अक्टूबर को दिन के 11.00 से लेकर 2.00 तक शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई की जाएगी। जबकि 13 अक्टूबर को कोरानसराय डिवीजन का उपभोक्ताओं की शिकायत का सुनवाई होगा। उपभोक्ताओं के बीच सबसे अधिक बिजली विपत्र के अलावे अन्य कई शिकायतें हैं। जिसकी सुनवाई नहीं होने से विवाद बढ़ते जा रहा है। इसके लिए लोग बिजली कंपनी कार्यालय तथा उपभोक्ता फोरम का चक्कर लगा रहे हैं। शिविर से बहुतायत लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।



### उपभोक्ता से 55 हजार की छिनतई मामले में एक गिरफ्तार, बाइक जब्त

**डुमरांव।** पिछले दिनों बैंक से 55 हजार रुपए की निकासी कर अपने घर जा रहे एक उपभोक्ता से स्टेशन रोड में पेट्रोल पंप के पास एक लाल रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन की संख्या में उचक्कों ने रूपयों से भरा बैग झपट लिया था। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस घटना में शामिल दो अन्य की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार उचक्का की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के सिसराढ़ गांव निवासी कमल किशोर उर्फ राकेश के पुत्र अनुप राम के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाल रंग की अपाचे बाइक भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसकी गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर हुई है। पुलिस की मानें तो फरार चल रहे दो अन्य उचक्कें भी जल्दी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। उनकी गिरफ्तारी के बाद हाल के दिनों में छिनतई व लूट की कई घटनाओं का पदार्फाश हो सकता है। बताया जाता है कि अनुप गिरोह बना अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

### प्रखंड परिसर से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय परिसर से एक फोटो स्टेट दुकानदार की बाइक चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बाइक हीरो स्प्लेंडर जिसका नंबर बीआर 44 एफ 3868 बतायी जाती है। इस मामले में पीड़ित लालगंज कड़वी मोहल्ले का रहने वाला रविकांत मिश्र ने अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह प्रखंड कार्यालय परिसर में फोटो स्टेट का दुकान करता है। वह अपनी बाइक को दुकान के सामने खड़ी कर ग्राहकों में व्यस्त हो गया। थोड़ी देर बाद जब उसकी नजर पड़ी तो बाइक वहां से नदारद थी। पीड़ित ने काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर बाइक की खोजबीन में जुट गयी है।

## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी मामले में छह पर केस

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रुपसागर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने जांच अभियान चलाया। इस बिजली जांच में जेई विपिन किशोर ने छह लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा है। सभी पर जेई ने जुमार्ना की राशि निर्धारित कर नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। नावानगर जेई ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रुपसागर में कुछ लोगों द्वारा चोरी से बिजली का उपभोग किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल एक टीम गठित कर छापेमारी किया गया। छापेमारी में ददन सिंह, विजय कुमार सिंह, लालजी सिंह, प्रमोद कुमार, कन्हैया सिंह, इंद्रदेव पांडे मीटर बाईपास कर के टोका फंसा कर बिजली जलाते पकड़े गए। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

### भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा

**केसठ।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी केसठ मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रतन रावत ने तथा संचालन रिंकू सिंह ने किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडल केसठ के प्रवासी प्रभारी जितेंद्र सिंह उर्फ कतवारू सिंह, चिलहरि मुखिया राजू सिंह, विधानसभा सहसंयोजक मनोज सिंह, मंडल महामंत्री डिंपू सिंह, पूर्व महामंत्री शिवजी सिंह, उपाध्यक्ष नन्द जी यादव, पप्पू सिंह, रमेश बाबा, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। इस दौरान बूथ सशक्तिकरण हेतु चर्चा किया गया। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष रतन रावत ने बताया कि मंडल के सभी 26 बूथों पर अध्यक्ष का चुनाव हो चुका है और जल्द ही उनके नाम को प्रकाशित कर दिया जाएगा। मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों के सामूहिक ब्योरा को मंडल प्रभारी कतवारू सिंह को सौंपा गया। प्रवासी प्रभारी जितेंद्र सिंह उर्फ कतवारु सिंह ने मंडल अध्यक्ष द्वारा शीघ्र कार्य पूरा कर लेने के उपलक्ष में उन्हें बधाई दी गई।

### मामूली विवाद में मारपीट दो पर केस

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के रानीबाग गांव में मामूली विवाद को लेकर एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में रानीबाग निवासी ललन सिंह ने अपने ही गांव के दो लोगों के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते मे मिश्री यादव के पुत्र सतेंद्र यादव और कमल यादव के पुत्र नंदजी यादव ने घेरकर मुझे अनाप-शनाप बोलने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो दोनों ने मेरी पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## वीके ग्लोबल अस्पताल की घटना, 20 घंटे तक अस्पताल में पड़ा रहा महिला का शव

# पैसे के लिए अस्पताल ने शव को बनाया बंधक, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/बक्सर**

डाक्टरों को धरती का दूजा भगवान कहा जाता हैं। लेकिन जिले के एक अस्पताल की अमानवीय कृत्य से डाक्टरों को दी जाने वाली यह उपमा शर्मशार हुई है। मामला मंगलवार को गोलंबर के पास स्थित जिले के चर्चित वीके ग्लोबल अस्पताल का है। जहां प्रसव बाद इंफेक्सन का इलाज कराने आई एक महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने पैसे के लिए उसके शव को 20 घंटे तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान परिजनों की चीख, पुकार तथा आरजू-मिन्नत का कुछ भी असर नहीं पड़ा।

परिजनों के साथ आए कुछ लोगों ने जब पैसे नहीं होने की बात कही तो प्रबंधन ने उन्हें चंदा मांगने तक का सुझाव दे दिया। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए तथा अस्पताल में ही शव छोड़ गोलंबर के पास बक्सर डुमरांव पथ को जाम कर दिए। जाम की वजह को सुन स्थानीय लोग भी उनके साथ खड़े हो गए तथा अस्पताल प्रबंधन व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दोपहर में अचानक सड़क जाम होने से गोलम्बर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिजन वीके ग्लोबल अस्पताल प्रबंधन पर शव को बंधक बनाने का अरोप लगा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटवाया तथा शव को अस्पताल प्रबंधन से मुक्त करा परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि एसपी मनीष कुमार को घटना की सूचना मिली थी। जिसके बाद उनके दिशा निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को छुड़ाया गया। इस घटना के बाद लोग निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ आक्रोश जता रहे थे।

**जिले के लिए पहली ऐसी घटना** : बता दें कि यह जिले के लिए पहली ऐसी घटना है जब किसी अस्पताल प्रबंधन ने पैसे के लिए शव को बंधक बनाया था। हालांकि निजी अस्पतालों की लूट खसोट तथा मनमानी की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती रही है। लेकिन परिजनों द्वारा पैसा नहीं दिए जाने पर शव को नहीं देने की यह घटना किसी हिन्दी फिल्म की पटकथा जैसी थी। हालांकि शव मिलने के बाद परिजनों ने देर शाम तक इसकी लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीज का पैसा बकाया था। उसकी मांग की गई तो परिजन हंगामा करने लगे।

### एसपी के फटकार के बाद प्रबंधन ने परिजनों को सौंपा शव



### अब पूरी घटना समझिए

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला निवासी चिंटू वर्मा की पत्नी रिंकी देवी का प्रसव कुछ दिन पहले सिजेरियन कर हुआ था। सिजेरियन के बाद टांका पकने तथा उसमें इंफेक्सन होने के कारण अचानक तबीयत खराब हो गई। उनके रिश्तेदार बक्सर के शांतिनगर मोहल्ले में रहते है। रिश्तेदारों के सुझाव पर सोमवार की शाम रिंकी को आनन फानन वीके ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। अस्पताल ने आइसीयू चार्ज सहित इलाज के कुल 24 हजार रूपए का बिल थमाया।

परिजनों ने 10 हजार जमा किए थे। उनके पास अब पैसा भी नहीं बचा था जबकि उनके मरीज की मौत भी हो चुकी थी। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने पैसे के डिमांड को लेकर शव रोक दिया। इस दौरान रात से सुबह हो गई। लेकिन परिजनों के आरजू मिन्नत का कुछ असर नहीं पड़ा। जिसके बाद परिजनों ने शव के लिए हंगामा कर दिया तथा सड़क जाम कर आक्रोश जताया। परिजनों द्वारा सड़क जाम किए जाने से बक्सर डुमरांव पथ पर वाहनों का जाम लग गया था। कुछ लोग अस्पताल परिसर पहुंच हंगामा करने लगे थे। लोगों का तेवर को देख अस्पताल प्रबंधन के होश उड़ गए थे। गौरतलब है कि इसके पहले भी इस अस्पताल पर कई तरह के आरोप लगे थे।

> "पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। एसपी के निर्देश पर सड़क जाम हटवाया गया तथा अस्पताल प्रबंधन से परिजनों को शव दिलवाया गया। परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> *- मुकेश कुमार, नगर थानाध्यक्ष, बक्सर*

## दो बाइक की आमने सामने टक्कर में बाप बेटे समेत तीन जख्मी, रेफर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार की शाम एनएच 120 पर टेढ़की पुल व कोल्ड स्टोरेज के बीच दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में पिता पुत्र समेत कुल तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों को आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया है।

जख्मियों में डुमरांव छठिया पोखरा निवासी छोटे राय के पुत्र दीनु राय व दूसरे बाइक पर रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भनसा गांव निवासी उपेन्द्र शर्मा व उनके पुत्र विकास शर्मा शामिल है। विकास के पैर में गंभीर चोटें आई है जबकि दीनु के सर में चोट लगी है। तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार पिता पुत्र अपने गांव से डुमरांव इलाज करवाने आए थे। इलाज करवा वे वापस गांव लौट रहे थे। जबकि दीनु कोरानसराय की तरफ से अपने घर लौट रहा था। टेढ़की पुल व पूर्व मंत्री के कोल्ड स्टोरेज के बीच दोनों बाइकों की आमने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीनों जख्मी हो सड़क पर छटपटाने लगे थे। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की टीम ने तीनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## समूह के माध्यम से स्वावलंबित बन रहीं महिलाएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जन संवाद कार्यक्रम के तहत मंगलवार को स्थानीय प्रखंड के सोवां ग्राम पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कुमार पंकज ने किया। उन्होंने बीडीओ तथा अन्य अधिकारियों के साथ मिल जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी। साथ ही आम लोगों से भी बातचीत कर उनका फीडबैक भी प्राप्त किया।



एसडीओ ने कहा कि युवाओं को हुनरमंद बना सरकार उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कुशल युवा प्रशिक्षण सहित कई अन्य योजनाएं चला रही है। जीविका समूह के माध्य से महिलाओं में स्वावलंबन की अलख जगाई जा रही है। आज कई महिला समूह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के मजबूत माध्यम बन रहे है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए भी स्वावलंबन की राह पर चल पड़ी है।

कार्यक्रम में जीविका समूह से जुड़ी उषा देवी ने बताया कि जीविका के माध्यम से लोन प्राप्त कर कपड़ा एवं जूता चप्पल की दुकान चला रही है, उन्होंने कहा कि अब वो अपना कारोबार आगे बढ़ाना चाहती हैं तथा उन्हें सरकार से मदद की उम्मीद है, इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने उन्हें उद्यमी योजना के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आप एवं अन्य लोग भी इस योजना का लाभ उठाकर उद्यमी बन कर अपना एवं समाज का विकास कर सकते हैं।

## मां दुर्गे की आकर्षक होगी प्रतिमा, बंगाल के कारीगर निर्माण में जुटे

# जवाहिर मंदिर के पंडाल में झोपड़ी में विराजेंगी मां दुर्गा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शारदीय नवरात्र की धूम आगामी 15 अक्टूबर से शुरू हो जायेगी। शहर के विभिन्न जगहों पर मां की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। शहर के जवाहिर मंदिर रोड में भी दुगार्पूजा के लिए आकर्षक पंडाल व प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। इसमें लोगों को गांव की झलक दिखेगी, जहां भक्त झोपड़ीनुमा पंडाल में मां के दर्शन करेंगे। इसी तर्ज पर श्री वीर बालक दुगार्पूजा समिति पंडाल का आकार दे रही है। पूजा समिति के सदस्य पूरे जोश के साथ पंडाल व मूर्ति का निर्माण कराने में जुटे है। इसके लिए बंगाल के कारीगरों को बुलाया गया है।



श्री वीर बालक दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल केशरी, सदस्य रोबिन चौरसिया, प्रकाश सोनी, विक्की सोनी आदि ने बताया कि पंडाल में प्रतिमा के आकर्षक रूप देने के लिए बंगाल के मूर्तिकार तपन पाल का विशेष योगदान है। दुगार्पूजा पंडाल में बिहार के ग्रामीण परिवेश की झलक इस पंडाल पर दिखेगी। इसी तर्ज पर इसे काफी आकर्षक बनाया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां कई वर्षों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती है। यहां की प्रतिमा डुमरांव सहित आसपास के इलाके में चर्चित रही है। पंडाल के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च होने का अनुमान है। इस पूजन को लेकर करीब चार लाख की राशि का बजट बनाया गया है। समिति के सदस्यों द्वारा आगंतुकों के लिए विशेष सुविधा मुहैया करायी जायेगी। साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदस्यों की तैनाती की जायेगी। प्रशासन की भी मदद ली जायेगी। माहौल भक्तिमय बना रहे इसकी पूरी व्यवस्था की गयी है। समिति ने बताया कि अष्टमी को महाआरती होगी और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। पूजा तथा महाआरती के प्रसाद वितरण को ले आस पास लोगों की सक्रियता भी बढ़ गई है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि पूरे मोहल्ले का सहयोग मिल रहा है।



# कृष्णलीला में माखन चोरी प्रसंग के मंचन में दिखी कान्हा की लीलाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**



शहर के किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को दिन में कृष्ण लीला के क्रम में माखन चोरी लीला प्रसंग का मंचन किया गया। माखन चोरी लीला में दिखाया गया कि श्री कृष्ण अपने घर में ही माखन चोरी कर रहे होते हैं, जहां मैया यशोदा उनकी चोरी पकड़ लेती है और अपने लल्ला को माखन चोरी की आदत छोड़ने के लिए कहती है। वह कहती है कि तुम्हारे इसी आदत के चलते व्रज की गोपियां रोज शिकायत करती है। श्रीकृष्ण अपनी मैया को माखन चोरी छोड़ने का वचन देते हैं और दूसरी तरफ ब्रज गोपियों के घर में माखन चोरी करने पहुंच जाते हैं। जहाँ गोपिया कन्हैया को पकड़ लेती है, लेकिन गोपियों को अपनी बातों में उलझा कर उनके ही घर में श्री कृष्ण उन्हें बांधकर अपने सखाओं के साथ माखन चोरी करते हैं। इस दृश्य को देखकर दर्शन को रोमांचित हो जाते हैं। रासलीला मंडली द्वारा मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो... गीत जैसे ही शुरू किया गया। किला मैदान में उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो झूमने लगे। मंचन के दौरान रामलीला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

### पुत्र की लालसा में गुरु वशिष्ट के पास पहुंचे राजा दशरथ

रामलीला मंडल के स्वामी श्री करतार बृजवासी जी महाराज के निर्देशन में मंगलवार की देर रात मंचित श्री रामलीला मंचन के दौरान श्री राम जन्म लीला प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि रावण के अत्याचार बढ़ाने पर एवं इंद्र आदि देवताओं द्वारा प्रभु का स्मरण किए जाने पर नारायण भगवान प्रकट होकर सभी देवताओं को आश्वस्त करते हैं तब सभी देवता गण वहां से प्रसन्न वदन होकर चले जाते हैं। इधर राजा दशरथ अपनी सभा में बैठे यह विचार करते हैं कि मेरे पास सब कुछ है, परंतु कोई संतान नहीं है। इस तरह का विचार करते हुए वह महाराज गुरु वशिष्ट के पास जाते हैं। और गुरु वशिष्ठ जी महाराज को संतान प्राप्ति के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करने का सुझाव देते हैं। महाराज गुरुदेव के सुझाव पर श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रेष्टि यज्ञ करवाते हैं, जहां यज्ञ से अग्नि देव प्रकट होकर राजा दशरथ को हवी का प्रसाद देते हैं. जिसके प्रताप से महाराजा दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति होती है, गुरु वशिष्ट जी द्वारा उनका नामकरण संस्कार किया जाता है। चारों का नाम राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न रखा जाता है। यह देखकर श्रद्धालु जय श्री राम का उद्घोष करने लगते हैं।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट व फायरिंग, अधेड़ जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान मनबढ़ों ने गोलीबारी भी की। जिसमें 50 वर्षीय एक अधेड़ गोली लगने से बुरी तरह से जख्मी हो गया। जख्मी अधेड़ वीरपुर गांव निवासी ज्ञान दयाल महतो के बेटे गया नाथ महतो हैं। घटना को लेकर गांव में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, फायरिंग में इस्तेमाल देशी राइफल को भी जब्त की गयी है। वहीं, हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। जिनका इलाज जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जाता है कि मारपीट में घायलों में गोली जख्मी अधेड़ के बेटे विवेक सम्राट, चचेरे भाई काशीनाथ सिंह, भतीजे तारकेश्वर सिंह और शिवम सिंह शामिल है। वहीं, दूसरे पक्ष के भी तीन लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं।

**दोनों पक्षों में 12 वर्षों से चल रहा है विवाद :** गया नाथ महतो ने बताया कि गांव के ही शक्ल दयाल सिंह उर्फ गुंडेला सिंह से 55 डिसमिल जमीन को लेकर करीब बारह वर्षों से विवाद चल रहा है। दूसरे पक्ष की ओर से बारह वर्षों से जबरन उनकी जमीन जोती जा रही थी। मंगलवार की सुबह वह अपना खेत जोतवा रहे थे। तभी शक्ल दयाल सिंह उर्फ गुंडेला सिंह अपने भाई और भतीजों संग हथियार लेकर आ धमके और उन्हें गोली मार दी। उसके बाद भाई और भतीजे ने लाठी-डंडों से भी उनकी पिटाई की। उनका बेटा, भाई और भतीजे बीच-बचाव करने आए, तो दूसरे पक्ष की ओर से उन लोगों की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी गई। घटना के बाद सभी को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के बाद दोनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**दोनों पक्षों का लिया गया है बयान :** मामले में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर मारपीट और फायरिंग की गई है। जिसको लेकर छह से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पक्षों का बयान लिया गया है।




## खबरें फटाफट

### विषैले जन्तु के काटने से महिला की मौत

**आरा।** बिहिया थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव में मंगलवार की दोपहर विषैले जन्तु के काटने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत महिला वासुदेवपुर गांव निवासी वासुदेव सिंह की 60 वर्षीया पत्नी देवरतिया देवी थीं। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह अपने कमरे में कपड़े का अलमारी ठीक कर रही थी। उसी दौरान किसी विषैले जन्तु ने उन्हें काट लिया। उससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। उसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### छलका से मिला युवक का शव

**आरा।** पीरो थाना क्षेत्र के रजेया गांव ब्रह्मस्थान के समीप स्थित छलका से मंगलवार की दोपहर एक युवक का शव बरामद किया गया है। डूबने से उसकी मौत कई आशंका जताई जा रही है। तीस वर्षीय युवक की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस के अनुसार युवक की मौत पानी में डूबने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### मांगों को लेकर सिंगल विंडो ऑपरेटर ने किया हड़ताल

**जहानाबाद।** बीआरसीसी में प्रतिस्थापित सिंगल विंडो ऑपरेटर में पांच सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया है। उन लोगों का कहना है कि हमारे मानदेय में 10000 की बढ़ोतरी किया जाए एवं गृह जिले में पद स्थापित किया जाए क्षतिपूर्ति में एक माह का जो मानदेय कटौती किया गया है ब्याज के साथ वापस किया जाए सरकार जो कमेटी बनाई थी उस कमेटी के अनुशंसा को लागू किया जाए, सोनू कुमार ने बताया कि 6 महीना पहले हम लोग हड़ताल किए थे बिहार विकास मिशन के महाप्रबंधक द्वारा वार्ता की गई थी कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन 6 महीना भी जाने के बाद भी हम लोगों को मांग पूरी नहीं की गई।

## बक्सर जिले की चौगाईं की घटना, एक साथ हुआ दो भाइयों का अंतिम संस्कार

# बड़े भाई के मौत की खबर सुनकर सदमे से छोटे भाई की भी गई जान

**केटी न्यूज/चौगाईं**



वर्तमान समय में जब लोग स्वार्थ में जिंदगी जीने लगे हैं तब भी कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो अपनों के लिए आखरी सांस तक मन में प्रेम का भाव रखते हैं। ऐसा ही एक मामला बक्सर जिले के चौगाईं प्रखंड अंतर्गत मुरार थाना क्षेत्र के फफदर (बैसेगांव) में देखने को मिला। यहां छोटे भाई को अपने बड़े भाई से ऐसा स्नेह था कि वह उनकी मौत का सदमा ही बर्दाश्त नहीं कर पाया। बड़े भाई का शव देखते ही डेढ़ घंटे के अंदर उन्होंने भी प्राण त्याग दिए। जिला मुख्यालय के चरित्रवन स्थित श्मशान घाट पर जब दोनों भाइयों का शव एक ही चिता पर रखकर मुखाग्नि दी गई तो शव यात्रा में वहां मौजूद ग्रामीण अपने आंसू नहीं रोक सके। आज दोनों भाइयों के अगाध प्रेम की चर्चा भी लोगों की जुबान पर रही।

बताया जाता है कि मुरार थाना क्षेत्र के फफदर गांव निवासी अनुग्रह नारायण सिंह (75 वर्ष) और विजय शंकर सिंह (70 वर्ष) दोनों सगे भाई थे। कुछ दिनों से बीमार चल रहे अनुग्रह नारायण सिंह का सोमवार की अल सुबह देहांत हो गया। बड़े भाई की मौत देखकर विजय शंकर सिंह इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाया और कुछ ही देर बाद शव देखते ही उन्होंने भी प्राण त्याग दिए। दोनों भाई का आखरी सांस तक आपसी लगाव और स्नेह की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है। स्वजनों ने दोनों भाई के शव को एक ही चिता पर रखकर अंतिम संस्कार किया तो वहां मौजूद लोगों की आंख से आंसू छलक गए।

**दोनों भाइयों की मौत से गांव में मात्तम :** एक ही साथ दो सगे भाइयों के मौत की घटना के बाद फफदर गांव में मातम पसर गया। ग्रामीण पताली सिंह, चरंगा सिंह, अभय सिंह, नागेंद्र सिंह और ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि आज के इस दौर में दोनों भाइयों का आपसी प्रेम अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**भाई भाई का प्रेम रहा बरकरार :** भाई का रिश्ता ही कुछ ऐसा होता है। कई ऐसी बातें हैं जो मां बाप को नहीं बता सकते है, लेकिन सगे भाई को बेहिचक बता देते हैं। वर्तमान समय में स्वार्थ और संपत्ति के चलते लोग नाते रिश्ते तक भूल रहे हैं, लेकिन अनुग्रह नारायण सिंह और विजय शंकर सिंह के आपसी प्रेम की चर्चा इलाके में हो रही है। दरअसल परिवार बढ़ने के साथ-साथ दोनों भाई के बच्चों के बीच धन संपत्ति का बटवारा तो हो गया, लेकिन मरते दम तक दोनों भाइयों के एक साथ बैठकर सलाह मशविरा करने और भाई भाई का प्रेम बरकरार रहा। अंततोगत्वा बड़े भाई की मौत का सदमा छोटे भाई विजय शंकर बर्दाश्त नहीं कर पाए और एक ही चिता पर दोनों सुपुर्द ए खाक हो गए।

### डकैती व रंगदारी मामलों में वांछित हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** जिले के संदेश थाने की पुलिस ने डकैती और रंगदारी सहित विभिन्न कांडों में वांछित एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो गोली, एक मोबाइल और एक बाइक बरामद की। गिरफ्तार अपराधी संदेश थाने के तीर्थकौल गांव निवासी प्रदुम्न कुमार है। जिसे सोमवार की शाम उस समय पकड़ा गया, जब वह आपराधिक वारदात देने की फिराक में संदेश बाजार में हथियार के साथ घूम रहा था। उसकी गिरफ्तारी से अन्य घटनाओं का खुलासा हुआ है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि प्रदुम्न कुमार को संदेश बाजार स्थित हर्षित रेस्टोरेंट के पास सामने से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, एक मोबाइल और एक बाइक बरामद की गयी है। बताया कि गिरफ्तार प्रदुम्न कुमार आजिमाबाद थाना क्षेत्र में ट्रक चालकों से रंगदारी वसूलने, चौरी थाना क्षेत्र में सीएसपी संचालक से लूट और संदेश थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट सहित अन्य कांडों में वांछित था। हथियार बरामदगी को लेकर आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

# पूर्व विधायक के पिता के श्राद्ध कर्म में लालू यादव व डिप्टी सीएम ने की शिरकत



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के अगिआंव गांव में सोमवार को संदेश विधानसभा के पूर्व विधायक अरुण यादव और बिजेंद्र यादव के पिता भुनेश्वर सिंह यादव का श्राद्ध कर्म के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी शिरकत की। उन्होंने पूजा में भी हिस्सा लिया। पूजा के बाद हवन शुरू हुआ। हवन में बिजेंद्र यादव, अरुण यादव और अरुण यादव के दोनों बेटे बैठे थे। जिसमें लालू यादव के बाद लोगों ने एक एक कर कुंड में हवन सामग्री डाली। तत्पश्चात लालू यादव और तेजस्वी यादव ने अरुण यादव और बिजेंद्र यादव के पिता स्व. भुनेश्वर सिंह यादव की मूर्ति का लोकार्पण किया। साथ ही, उन्होंने अरुण यादव और उनके परिवार को ढाढस बंधाया और आशीर्वाद भी दिया।

बताया जाता है कि बीते 16 अगस्त को पूर्व विधायक अरुण यादव के पिता भुनेश्वर सिंह यादव का देहांत 16 हुआ था। जिसमें लालू प्रसाद यादव व अपने बेटे तेजस्वी यादव के साथ पहुंचे। जिनको देखने के लिए उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। लेकिन, प्रशासनिक व्यवस्था पुख्ता होने के कारण भीड़ के कारण किसी को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### मानसिक बीमारियों से सभी को बचाने की आवश्यकता

**जहानाबाद।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कोर स्टोन के संयोजक मीरा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व डीजीपी डॉ. करुणा सागर ने करते हुए कहा कि आज के समय में मानसिक बीमारियों से सभी को बचाने की आवश्यकता है इसके लिए आत्मविश्वास, आत्म संयम से मानसिक स्वास्थ्य को बचा जा सकता है। मानसिक बीमारियों से बचने का दूसरा उपाय परिवार एवं समाज के बीच रहने के साथ आपसी बातचीत हो सकता है। बालिकाओं में बढ़ते उम्र के कारण शारीरिक परिवर्तन होते हैं। इस अवस्था जानकारी के साथ अनिवार्य है इसके लिए मानसिक स्वास्थ्य को समझने की आवश्यकता है। जब हम मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे तो जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की छात्राओं और कस्तूरबा गांधी के कर्मी को बधाई दिए। और बताया कि मुश्किल समय में संयमित रहकर मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना है। अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए स्वस्थ रहना है। जबकि साइंस सेंट्रल पब्लिक स्कूल के संयोजक अनुभव सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया अगर बालिका अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे पर कम करें तो निश्चित रूप से जीवन के हर पथ पर आगे बढ़ सकती हैं और अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकती हैं इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य के गुण बताएं।




## लोगों को जागरूक कर दवाओं का सेवन करा रहे हैं पेशेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य, लोगों को कर रहे हैं जागरूक

# एमडीए में पेशेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका

**केटी न्यूज/आरा**



फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिले में चलाए जा रहे है एमडीए अभियान के समापन के बाद छूटे हुए लाभार्थियों के लिए फॉलो अप राउंड चलाया जा रहा है। ताकि, कोई भी लाभुक दवाओं का सेवन करने से न छूटे। इस क्रम में माइक्रो प्लान के तहत छूटे हुए बूथ और घरों को चिह्नित करते हुए विशेष अभियान के तहत लाभुकों का दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग व सहयोगी संस्थान मिलकर कार्य कर रहे हैं। वहीं, अब हाथीपांव के भी मरीज भी लोगों को जागरूक कर दवाओं का सेवन कराने में आशा कार्यकताओं की मदद में उतर चुके हैं। जिले के बिहिया प्रखंड अंतर्गत दोघरा पंचायत स्थित तेघरा पंचायत में पेशेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य गांव के रिफ्यूजल के मामलों को ब्रेक कर उन्हें दवाओं का सेवन कराने में जुटे हैं।

**पेशेंट प्लेटफॉर्म का किया जाएगा विस्तार:** बिहिया प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया, एमडीए के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधियों के कार्यों की बदौलत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया गया है। इस क्रम में पेशेंट प्लेटफॉर्म का गठन और एमडीए में उनकी सक्रियता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जब इस बीमारी से ग्रसित लोग जब दूसरों को जागरूक करेंगे, तो उसका प्रभाव काफी अधिक होगा। उनकी बातों को लोग समझेंगे और दवाओं का सेवन करेंगे। फिलवक्त पेशेंट प्लेटफॉर्म का विस्तार दूसरे पंचायतों और गांवों में भी किया जाएगा। ताकि, भविष्य में एमडीए को लेकर हाथीपांव के मरीजों की सहायता से लोगों को जागरूक किया जा सके।

### लाभुकों को किया जा रहा है जागरूक

पेशेंट प्लेटफॉर्म की सदस्य मोतीझरी देवी ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन टीम के साथ दवाओं का सेवन कराने के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। उन्होंने रिफ्यूजल के मामलों में लाभार्थियों को फाइलेरिया के दुष्प्रभावों और उससे होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। बताया कि फाइलेरिया की वहज से उनके पति तुफानी पासवान को काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। पूर्व की अपेक्षा कम काम करने उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रभाव पड़ा है। फाइलेरिया की वजह से उन्हें भी घर के कामों में काफी दिक्कतों का समाना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति किसी और को न झेलनी पड़े, जिसके लिए वो लोगों को जागरूक करने में जुटी गई हैं।



# बलिया जिले के पशुपालकों को मिलेगी 10 व 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

❐ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

**केटी न्यूज/ बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नंद बाबा दुग्ध मिशन की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना के बारे में चर्चा की गई।

उप जिला दुग्ध विकास अधिकारी सुधाकर प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनपद में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत स्वदेशी गायों में नस्ल सुधार एवं दूध उत्पादकता में वृद्धि हेतु 'मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक योजना' शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनोपरान्त प्रगतिशील पशुपालक, जिन्होंने देशी नस्लों की साहीवाल, गिर और थारपारकर गायों का पालन किया है, प्रतिदिन 8 लीटर से 12 लीटर तक दूध देती हो, ऐसे पशुपालकों को प्रोत्साहन के रूप में 10 हजार और 15 लीटर तक दूध देने वाली उक्त गाय की नसों के पशुपालकों को 15 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी प्रकार वे प्रगतिशील पशुपालक जिन्होंने हरियाणवी एवं गंगातीरी गाय की नस्लों का पालन किया है यदि वे 7 से 8 लीटर प्रतिदिन दूध दे रही है तो ऐसे पशुपालकों को 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं 10 लीटर से अधिक दूध देने वाली गाय की नस्लों के लिए 15000 रुपए की प्रोत्साहन राशि पशुपालकों को दी जाएगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज , मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन, जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पशुपालक ऐसे करें आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिए पशुपालकों को जिला पशु चिकित्सा कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी हो और उसकी उम्र 18 वर्ष अधिक हो। यह योजना व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए है। इसमें समूह/ फर्म/ संगठन वाले आवेदक पात्र नहीं होंगे। आवेदन गाय की व्यात( बच्चा देने) की तिथि से 45 दिनों के अंदर करना होगा। अधिकतम दो गाय प्रति पशुपालक प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

# सुनवाई के दौरान कटघरे से भागा आरोपी हुआ गिरफ्तार

**बलिया।** कटघरे से भागने के आरोपी के खिलाफ बांसडीह कोतवाली के उप निरीक्षक राजेश कुमार की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया।

चांदपुर निवासी परमात्मा राजभर के खिलाफ बांसडीह कोतवाली में मिलावटी शराब बेचने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। परमात्मा राजभर को गिरफ्तार करने के बाद बांसडीह कोतवाली के उप निरीक्षक राजेश कुमार रिमांड प्राप्त करने के लिए सिविल कोर्ट के कटघरे में बीते सोमवार की शाम चार बजे परमात्मा राजभर को खड़ा करा दिया था, तभी पुलिस को चकमा देकर आरोपी परमात्मा राजभर कटघरे से भाग गया था। हालांकि सिविल कोर्ट में तैनात पुलिस की तत्परता से उसे तुरंत पकड़ लिया गया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

## खबरें फटाफट

### याद किए गए मुलायम सिंह यादव

**सिपाह इब्राहिमाबाद ( मऊ ) ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर स्थानीय बाजार के बड़ौदा – यूट्ट पीट्ट बैंक की शाखा के पास एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई सभा में ब्लाक प्रमुख, घोसी डॉट्ट रामकृष्ण यादव,राजेन्द्र मिश्र,ममता चंद्रा,सुशील भगत एवं खुर्शीद अहमद आदि ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कीं सभा की समाप्ति पर आयोजक राजेश यादव ने धन्यवद ज्ञापित किया`

### विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष बने अरविन्द कुशवाहा



**मऊ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मासिक बैठक रतनपुरा स्थित संघ कार्यालय में संपन्न हुई, । जिसमें विश्व हिन्दू परिषद की जिला कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की उपस्थिति में रतनपुरा प्रखंड के अध्यक्ष के रूप में अरविन्द कुशवाहा को चुना गया। श्री कुशवाहा ने संगठन के द्वारा किए गए विश्वास पर खरा उतरने की बात कहते हुए संगठन का विस्तार पूरी निष्ठा पूर्वक करने की बात कही, ।अरविन्द कुशवाहा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद आज हिंदू समाज की एक आशा की केंद्र बिंदु बन चुका है हम सभी हिंदुओं की हित की चिंता करने वाला एकमात्र विश्व का सबसे बड़े हिंदू संगठन में आज जो दायित्व संगठन ने हमें प्रदान किया है इस विश्वास पर मैं खरा उतरते हुए कार्य करूंगा। मेरी लड़ाई किसी जाति मजहब से नहीं रहेगी अपितु अपने हिंदू समाज को और मजबूत एवं संगठित करने के लिए मैं अपना समर्पण भाव पूर्ण निष्ठा पूर्वक रखूंगा। गौरतलब हो कि अरविन्द कुशवाहा रतनपुरा प्रखंड के उत्तरांचल में स्थित अइलख गाँव के निवासी हैं जो लंबे समय से अपने समाज व हिंदुत्व के लिए कार्य कर रहे हैं, एक साधारण परिवार में जन्म लेने वाले अरविन्द कुशवाहा समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले व्यक्तित्व के धनी व मंचीय परम्परा के श्रेष्ठ उद्घोषक हैं।

### वाहन के धक्के से युवक घायल

**अलावलपुर।** गड़वार थाना क्षेत्र के नारायणपाली गांव के पास अज्ञात वाहन के धक्के से घायल युवक को चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने पर मगंलवार की सुबह जिला अस्पताल से वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गड़वार थाना क्षेत्र के नारायणपाली गांव के पास सोमवार की रात लगभग साढ़े 9 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बिरजू गोंड उम्र 26 पुत्र अशोक गोंड निवासी बरवां को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे बिरजू गोंड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से उसे आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत बिगड़ने पर मंगलवार की सुबह उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। बिरजू गोंड गड़वार किसी काम से आया था, वापस अपने घर जा रहा था।

## जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने किया पराग डेयरी यूनिट का निरीक्षण

# पूरी क्षमता के साथ डेयरी यूनिट का होगा संचालन : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/ बलिया**





जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंगलवार को जीराबस्ती स्थित पराग डेयरी यूनिट का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां कार्यालय कक्ष में जाकर कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर को देखा, तो पाया कि कुल छः कर्मचारी हैं जिनमें से चार रेगुलर और दो दैनिक रूप से कार्य करते हैं।

इसके बाद जिलाधिकारी डेयरी प्लांट में जाकर दूध और दूध के उत्पादों के बारे में प्रभारी मैनेजर से विस्तृत जानकारी ली। प्रभारी मैनेजर रामचरन ने बताया कि इस समय डेयरी प्लांट से दूध की पैकेजिंग और दूध से बने उत्पादों जैसे दही एवं पनीर की पैकेजिंग कर जिले में बेचा जाता है। वर्तमान में 500 लीटर दूध की खपत हो रही है। जबकि डेयरी यूनिट की कुल क्षमता 20000 लीटर की है, इस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी मैनेजर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आप जैसे अधिकारियों के उदासीन रवैये और संवेदनहीनता के कारण इतनी बड़ी यूनिट का सत्यानाश कर दिया है जिसके लिए आप लोग जिम्मेदार हैं। यदि यह यूनिट पूरी क्षमता के साथ कार्यशील रहती,तो जनपद के कितने पशुपालकों का भला हो जाता।

उन्होंने प्रभारी मैनेजर से डेयरी यूनिट को 10000 लीटर क्षमता के साथ शुरूआत करने के लिए पूरी स्कीम बनाने को कहा। साथ ही पशुपालकों का कितना पुराना पैसा बकाया है इसकी लिखित रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को निर्देशित किया और कहा कि मैं इसको फिर से शुरू करने के लिए शासन से पत्राचार करूंगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज मौजूद थे।

### जिला पुस्तकालय का भी निरीक्षण

जिलाधिकारी जिला पुस्तकालय पहुंचे और पुस्तकालय परिसर की साफ सफाई, आरो प्लांट की स्थिति, कंप्यूटर कक्ष, कुल नामांकित बच्चों की संख्या और आने वाले बच्चों की संख्या सहित अन्य स्थितियों का जायजा लिया। लाइब्रेरी अस्सिटेंट ने बताया कि रजिस्टर में कुल 153 बच्चे नामांकित हैं। निरीक्षण के समय 63 छात्र–छात्राएं में पुस्तकालय कक्ष में अध्ययन कर रहे थे। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे हैं छात्र छात्राओं से वातार्लाप की। जिलाधिकारी ने पूछा कि आप लोग किस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो उनमें से अधिकतर ने एसएससी और यूपीपीसीएस के बारे में बताया। यहां से पढ़कर जो भी छात्र–छात्रा किसी बड़े एग्जाम की परीक्षा पास कर लेगा, उसे मैं सम्मानित करूंगा। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी अस्सिटेंट को निर्देश दिया कि लाइब्रेरी कक्ष में एक फीडबैक रजिस्टर रखवा दीजिए।

# स्वच्छता अभियान को लेकर आयोजित प्रतियोगिता में चयनित छात्र हुए पुरस्कृत

**केटी न्यूज/ मऊ**



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ निदेर्शानुसार 02 से 08 अक्टूबर तक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छात्रों को चयनित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ की अध्यक्षता में निर्वाचक मंण्डल गठित किया गया जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी, मऊ सदस्य के रुप में नामित किये गये, उपर्युक्त निर्वाचक मण्डल द्वारा छात्रों को चयनित कर दीवानी न्यायालय, मऊ के सभागार में जनपद न्यायाधीश रामेश्वर की अध्यक्षता में पुरस्कृत किया गया।

जिसमें प्राथमिक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में अनन्या चैहान को प्रथम, अनुराधा यादव को द्वितीय,सौम्या चैहान को तृतीय तथा प्राथमिक स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में अंकिता को प्रथम, आराधना को द्वितीय एवं राज राजभर को तृतीय पुरस्कार भेंट किया गया।इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में उम्मे शहजाना को प्रथम, शालू को द्वितीय एवं रोशनी मल्ल को तृतीय पुरस्कार तथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रिन्सी को प्रथम, जिज्ञासु तिवारी को द्वितीय एवं संजना सिंह को तृतीय पुरस्कार भेंट किया गया।

# उदासीन ऋषि आश्रम में महोत्सव सम्पन्न

**केटी न्यूज/मऊ**



मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला जमीन बरामदपुर स्थित उदासीन ऋषि आश्रम में गुरुओं की याद में चल रहे तीन दिवसीय गुरु पर्व महोत्सव की अंतिम दिन मंगलवार को आश्रम के महंत सत्यनाम दास महाराज द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपद से आए भक्तों को प्रसाद वितरित कर भक्तों को विदा किया। इस मौके पर आजमगढ़, मऊ, जौनपुर,गाजीपुर, अयोध्या, फैजाबाद ,गोरखपुर, बस्ती, देवरिया बदायूं, मेरठ तथा कोलकाता मुंबई एवं दिल्ली प्रदेश से आए सेवादारों को प्रसाद देकर गुरु के बताए हुए रास्ते पर चलने हेतु लोगों को आह्वान किया।

इस मौके पर सोमवार देर रात्रि हजारों की संख्या में भक्तों ने आश्रम में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बाबा प्रयाग दास, बाबा राघवेंद्र दास, पप्पू मिश्रा, त्रिभुवन नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, बनवारी सोनकर, विजय श्रीवास्तव, संतोष मेहरोत्रा, राजू मेहरोत्रा, मानिक खन्ना अनुराग गुप्ता, दीनदयाल जायसवाल समेत सैकड़ो की संख्या में सेवादार भक्तगण मौजूद रहे ।

### चोरी के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**गड़वार।** गड़वार थाने की पुलिस ने चोरी के आरोप में दो आरोपियों को मेऊली मोड़ से मंगलवार की दोपहर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से एक इन्वर्टर, इंडेन कंपनी का एक सिलेंडर, एक सिलिंग फैन, एक एलईडी टीवी बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। गड़वार थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक मेऊली मोड़ पर खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई, पुलिस को देखते ही दोनों युवक सकपका गए। इसके बाद पुलिस ने जब दोनों को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म कबूला। आरोपीगण बिट्टू कुमार व किशन कुमार प्रसाद निकट पंचायत भवन कस्बा रतसड़ थाना गड़वार का रहने वाला है। गड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय चालान कर दिया।

# टीबी मुक्त पंचायत के लिए कार्यशाला का आयोजन



**केटी न्यूज/ मऊ**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में ₹टीबी मुक्त पंचायत एवं फैमिली केयर गिवर₹ का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणमें समस्त ब्लॉक स्तर से एडीओ पंचायत तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो से आए हुए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी/ बीपीएम/बीसीपीएम, एसटीएस , एसटीएलएस, टीबी एचवी, अर्बन कोऑर्डिनेटर आदि को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नंदकुमार द्वारा किया गया।आयोजित प्रशिक्षण में टीबी मुक्त पंचायत एवं फैमिली केयर गिवर के लिए क्या क्या करना है इस विषय पर प्रशिक्षित किया गया हुए। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आरके सिंह द्वारा बताया गया कि टीबी मुक्त पंचायत करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने और अपने क्षेत्र मे सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक कर फैमिली केयर हेतु प्रशिक्षण देकर कार्यक्रम में उनकी सहभागिता करना सुनिश्चित करें।


### आठ लोगों को जिलाबदर करने का आदेश जारी

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार द्वारा धारा 3(1) उप्र गुंडा एक्ट नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 08 लोगों को 06 माह के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया गया। जिसमें एकलाख पुत्र मुतुर्जा सा डोमनपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, आदिल पुत्र एजाज सा डोमनपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, शमीम पुत्र मुतुर्जा सा डोमनपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, नजीर पुत्र जहांगीर निवासी अलीनगर बड़ी कम्हरिया थाना कोतवाली जनपद मऊ, अजय यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी दशईपोखरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, इब्राहिम पुत्र एजाज सा डोमनपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, सगीर खांअलीनगर बड़ी कम्हरिया थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, सदाफल चौहान पुत्र सीताराम चौहान निवासी खत्रीपार थाना कोतवाली घोसी जनपद मऊ सामिल है। इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ थानों में कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## 50 लाख की लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

# कार्यों में तेजी लाने का डीएम ने दिया निर्देश

**केटी न्यूज/ मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद में रु. 50 लाख अथवा उससे अधिक लागत की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था पैकफेड, सिडको, उप्र आवास एवं विकास परिषद, यूपीपीसीएल,सी & डीएस, लेकफेड, उप्र पुलिस आवास निगम लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कार्यदाई संस्थाओं द्वारा जनपद में निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की।

कार्यदाई संस्था पैकफेड के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता पैकफेड ने बताया कि जनपद में संस्था द्वारा कुल 5 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है जिनमें राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर (76%) वनदेवी पार्क का जीर्णोद्धार एवं गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य (85%) राजकीय महिला आईटीआई का निर्माण कार्य (86%) हकीकत पुरा में सद्भाव मंडप का निर्माण कार्य (60%) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनपुरा में निर्माण कार्य (97%)पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि कुछ परियोजनाओं में धनाभाव के कारण कार्य अभी बंद है। जिलाधिकारी ने जिन परियोजनाओं में घनाभाव के कारण कार्य रुका हुआ है, उनमें शीघ्र ही उपभोग प्रमाण पत्र भेजने एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिशासी अभियंता पैकफेड को दिए।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को मझवारा में निमार्णाधीन सीएचसी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घोसी के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए इस माह तक अवश्य पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।

### आवासीय भवन में कार्य प्रगति पर है

अधिशासी अभियंता सिडको ने बताया कि वर्तमान में ग्रामीण विकास संस्थान दोहरीघाट रिनोवेशन कार्य मैं उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिया गया है एवं थाना रामपुर अनावासीय भवन में अभी धन प्राप्त नहीं है, आवासीय भवन में कार्य प्रगति पर है। कार्यदाई संस्था आवास एवं विकास परिषद द्वारा जनपद में ग्राम मझवारा में सीएचसी का निर्माण कार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घोसी में भवन निर्माण कार्य तथा जनपद न्यायालय मऊ में परिवार न्यायालय का निर्माण काय पूर्ण किया गया है।



## आंगनबाड़ी केंद्र में सड़ी दाल बांटे जाने पर उप जिलाधिकारी ने बैठाई जांच

**केटी न्यूज/चंदौली**



योगी सरकार प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों के पोषण के लिए लगातार प्रयासरत है। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के निर्देश में पोषण सप्ताह चलाया जा रहा है साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं को हर माह पोषण किट बांटा जा रहा है पर चंदौली के नियामताबाद ब्लाक के दुलहीपुर ग्राम पंचायत में इस पोषण किट में धांधली और एक्सपायरी डेट का सामान बांटने का बड़ा मामला मंगलवार को सामने आया। यहां आगनबाड़ी केंद्र पहुंची वार्ड नंबर 12 की महिलाओं और पुरुषों ने जमकर हंगामा किया। उनका आरोप था कि सोमवार की शाम जो पोषण किट गर्भवती महिलाओं को बांटा गत्य उसकी दाल का पैकेट एक्सपायरी था और पैकट खोलने पर काली सड़ी हुई दाल निकली। फिलहाल सूचना पर पहुंचे एसडीएम पीडीडीयू नगर ने दाल के सभी सैम्पल कब्जे में लिए हैं और जिला कार्यक्रम अधिकारी को तलब किया है।

ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पर आंगनबाड़ी कार्यालय पहुंचे ग्राम प्रधान आनंद गुप्ता ने भी दाल की गुणवत्ता को चेक किया तो वो भी परेशान हो गए और आगनबाड़ी कार्यालय से इसकी जानकारी कर डीपीआरओ से संपर्क किया और उन्हें दिक्कत बताई।

### जनपद के आंगनबाड़ी केंद्र में बांटी जा रही है जहर

वार्ड नंबर 12 दुलहीपुर ग्राम पंचायत के रहने वाले महशर हुसैन ने बताया कि सोमवार की शाम को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने समूह की महिलाओं के साथ गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटा है। इस पोषण किट की दाल का पैकेट जब खोला गया तो उसमे से बदबूदार काली सड़ी हुई दाल निकली जिसपर ग्राम प्रधान आनंद गुप्ता से शिकायत की गई तो उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यालय पर बुलाया था। यहां आज पहुंचे तो अंदर बैठे व्यक्ति से बात की तो उन्होंने कहा कि जैसा माल ऊपर से आएगा वही बंटेगा, तो क्या सरकार लोगों को जहर खिलाना चाह रही है, क्योंकि ये दाल यदि गर्भवती खाएंगी तो उसके बच्चे और उसके लिए यह जहर का काम करेगी।

### दोनों वाराणसी से नकदी लेकर मुंबई जा रहे थे, किया आयकर विभाग के हवाले

## 55 लाख नगद के साथ दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से 55 लाख रुपये नकदी के साथ दो लोगों को पकड़ा है। दोनों वाराणसी से नकदी लेकर मुंबई जा रहे थे और ट्रेन पकड़ने के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। जीआरपी ने नकदी और दोनों आरोपियों को वाराणसी से आई आयकर विभाग के हवाले कर दिया है। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग की टीम करेगी। दो दिन पहले ही पीडीडीयू जंक्शन से एक व्यक्ति 15.13 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार हुआ था।

जीआरपी पीडीडीयू निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भोर में स्टेशन पर संयुक्त टीम गश्त कर रही थी। जीआरपी एसआई संदीप कुमार राय, कांस्टेबल दीपेन्द्र मिश्र, गौरव राय, कौशल यादव, आरपीएफ के एसआई सुनील कुमार, सीआईबी के पवन कुमार, अच्छे लाल आदि की टीम जब प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर पहुंची तो वहां दो युवक संदिग्ध हाल में दिखे। उनके पास से पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई तो उसमें नोटों के बंडल मिले।

दोनों को पकड़ कर पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना नाम क्रमशः विशाल जाधव निवासी अरपडी. सांगली महाराष्ट्र वर्तमान पता वार्ड नंबर 14 कोतवाली रसड़ा बलिया और रविन्द्र मंडले निवासी साइरन रेजिडेंसी फ्लैट नंबर 204 लेन नंबर 11, रुनवाल पार्क विजय नगर पुणे महाराष्ट्र बताया। दोनों ने बताया कि वे ज्वेलरी का काम करते हैं। इसी का पैसा लेकर वाराणसी से पुणे जा रहे थे। हालांकि दोनों ने रुपयों से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके।

बैग में पांच पांच लाख रुपये की गड्डी बनाकर रखे गए थे। गिनती करने पर कुल 55 लाख रुपये बरामद हुए। इसकी सूचना आयकर विभाग वाराणसी को दी गई। वाराणसी से आई आयकर विभाग को रुपये और दोनों आरोपी को सौंप दिया गया। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग करेगी।

### 10 माह में डीडीयू रेलवे स्टेशन से बरामद हुए 4.30 करोड़

पीडीडीयू नगर।लाख कोशिशों के बाद भी ट्रेनों से तस्करी रुक नहीं रही है। सोने,चांदी और नशीली वस्तुओं के साथ कछुआ की तस्करी बड़े पैमाने पर होती है। वहीं नकदी की भी तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर लगातार कार्रवाई हो रही है और तस्करी का सामान बरामद कर तस्करों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। बावजूद तस्करों द्वारा लगातार तस्करी का कार्य बददस्तूर जारी है। डीडीयू रेलवे स्टेशन से दस माह में 4.30 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। डीडीयू रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 110 जोड़ी ट्रेनों का आवागमन होता है। वहीं एक लाख से अधिक यात्री आवागमन करते हैं। यात्रियों के लिए यात्रा का सुगम साधन होने के कारण तस्कर भी इसे अपने लिए मुफीद मानते हैं।बावजूद स्थानीय रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिसकर्मियों के सतर्क निगाहों से पकड़े जाते हैं। इस वर्ष बीस जनवरी को दो लोगों से 28 लाख रुपये बरामद हुए। इसी तरह पांच फरवरी को दो व्यक्तियों के पास से 38.53 लाख 750 रुपये बरामद हुए।

### ट्रेनों में डंडा मारकर मोबाइल छीनने वाले दो गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर।राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने मंगलवार की भोर में ट्रेनों में डंडा मारकर यात्रियों का मोबाइल छीनने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। दोनों का चालान किया गया है। पीडीडीयू जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम को मंगलवार की भोर में प्लेटफार्म संख्या एक और दो के स्टेशन नाम पट्टिका के समीप दो संदिग्ध दिखे। उनको पकड़ कर तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में नाम राहुल पासवान और श्याम बिहारी निवासी धरना बताया। स्वीकार किया कि वे ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चुरा लेते हैं। ट्रेनों के धीमी चाल होने पर डंडे से खिड़की अथवा गेट पर खड़े यात्रियों को मारकर उनका मोबाइल छीन लेते हैं।

## ग्रामीण अंचलों में खिलाड़ियों की कमी नहीं, बस उन्हें निखारने की जरूरत



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के डेढगावां स्थित श्रीकृष्ण इंटरकालेज के खेल मैदान पर 67वीं जनपदीय बालक/बालिका वर्ग की विद्यालयी खो- खो प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें मेजबान डेढगावां अंडर 14 के बालक- बालिका वर्ग विजेता बना। जबकि मेहमान नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज रेवतीपुर ने अंडर -19 के बालक और बालिका वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजेश राय ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। पहले खेले गये अंडर 14 के बालक एवं बालिका वर्ग में श्रीकृष्ण इंटरकालेज डेढगावां ने इंटर कालेज जाहीं को क्रमशः 7 - 5 एवं 7 - 5 से पराजित कर खिताब जीत लिया। इसी तरह अंडर 19 के बालक वर्ग में मेहमान नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज रेवतीपुर ने मेजबान श्रीकृष्ण इंटर कालेज डेढगावां को 6 - 3 इसी तरह बालिका वर्ग में अंडर -19 में ही नेहरू विद्यापीठ इंटरकालेज रेवतीपुर ने इंटरकालेज जाहीं को 14 - 8 से पराजित कर खिताब जीत लिया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजेश राय ने खिलाड़ियों से परिचय व मार्चपास्ट की सलामी लेकर इसका शुभारंभ किया। कहा कि ग्रामीण अंचलों में खिलाड़ियों की कमी नहीं बस उन्हें खेल की बेहतर बारिकियों से प्रशिक्षित करने की जरूरत है।

## अपहरण के मामले में बाल अपचारी को मिली जमानत

**चंदौली।** सैयदराजा थाना अंतर्गत नौबतपुर स्थित रिलायंस पेट्रोल के पास बीते 21 अगस्त को हुए अपहरण के मामले में किशोर न्याय बोर्ड चंदौली ने सुनवाई की। इस दौरान मामले में बाल सुधार गृह में निरूद्ध चल रहे बाल अपचारी सागर गुप्ता को किशोर न्याय बोर्ड ने दोनों पक्षों की बहस व तर्क को सुनने के बाद जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। किशोर न्याय बोर्ड ने किशोर के संरक्षक पिता की ओर से 25 हजार का व्यक्तिगत बंधपत्र व दो प्रतिभू के साथ ही अंडरटेकिंग देने पर जमानत को स्वीकार किया।इसके साथ ही किशोर न्याय बोर्ड ने यह आदेश दिया कि रिहाई के दौरान संरक्षक इस बात का ध्यान बाल अपचारी आपराधिक प्रवृत्ति की संगति से दूर रहे तथा बाल अपचारी को सामाजिक, शारीरिक व मनोवैज्ञानिक खतरे से दूर रखा जाए और जब भी मुकदमे के विचारण तिथि निर्धारित हो बाल अपचार को लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष उपस्थित हो।

## गहमर रेलवे स्टेशन पर धरने के 11वें दिन आमरण अनशन शुरू



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गहमर रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से इस्लामपुर दिल्ली मगध एक्सप्रेस, जयनगर आनंद बिहार गरीब रथ एक्सप्रेस एवं कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस के खत्म हुए ठहराव को पुनः शुरू करने के लिए गहमर रेल ठहराव समीति व भूतपूर्व सैनिक संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था, जो मंगलवार को 11वें दिन आमरण अनशन में तब्दील हो गया। धरने के 10वें दिन सोमवार को रेलमंत्री और रेल अधिकारियों की आत्मा की शांति में लिए धरना स्थल पर गाँव की महिलाओं द्वारा शिवचर्चा का आयोजन किया गया। महिलाओं ने अपने अराध्य देव शिव से प्रार्थना किया कि वह रेलमंत्री जो मृत्यु समान हो गए हैं उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। ताकि वह हमारे रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव शुरू कर दें। इस संबंध में बीना सिंह ने बताया कि हमारे गॉव के युवक कई दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं, शांति पूर्ण घरने में उन्होनें बुद्वि -शुद्वि यज्ञ, सुंदरकांड पाठ, रेलवे का पिंड दान, रेलवे के खिलाफ मुडंन करा कर विरोध प्रदर्शन कर लिया गया है। सोमवार को महिलाएओं ने शिवचर्चा कर अपने स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग की। साथ ही चेतावनी दी हैं कि जरूरत पड़ी तो महिलाएं अपने गॉव के साथ मिलकर रेलवे के खिलाफ बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़ेंगी।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक रोगियों में हुआ फल और सर्टिफिकेट वितरण

## मानसिक रोग को छुपाने की जगह बताने की जरूरत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



प्रत्येक वर्ष दस अक्टूबर को पूरे देश में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसे लेकर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन प्रभारी सीएमओ डॉ. जेएन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना है और अन्य को करना है इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस बार का थीम मेंटल हेल्थ इस यूनिवर्सल ह्यूमन राइट रहा। कार्यक्रम में गोष्ठी के अलावा हस्ताक्षर अभियान के साथ ही मानसिक विकलांगों को सर्टिफिकेट और फल वितरण किया गया।

प्रभारी सीएमओ डॉ. जेएन सिंह ने बताया कि हर साल 10 अक्टूबर को ह्यविश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसह्न मनाया जाता है। वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने मिलकर वर्ष 1992 में 10 अक्टूबर के दिन ह्यवर्ल्ड मेंटल हेल्थ डेह्न सेलिब्रेट करने की घोषणा की थी। उसके बाद से यह दिन प्रत्येक वर्ष मनाया जाने लगा। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य के बेहतर बनाए रखने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मेंटल हेल्थ के मुद्दों को लेकर समाज में मौजूद स्टिग्मा को कम करना भी है। हर साल इसे एक खास थीम के तहत सेलिब्रेट किया जाता है। उन्होंने बताया की हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। लेकिन अभी भी ज्यादातर लोग इस पर ध्यान नहीं देते।

### छात्रों नें मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

वहीं, जखनियां विकास खंड के जलालाबाद ग्राम सभा स्थित स्मार्टपुर कंप्यूटर सेंटर पर बच्चों द्वारा चार्ट पेपर पर अलग-अलग कलाकृतियां बनाकर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सेक्टर संचालक प्रमोद वर्मा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में यह सहायता करता है। यदि व्यक्ति का मानसिक संतुलन सही ना हो तो व्यक्ति का विकास रुक जाता है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही दूसरे का कल्याण कर सकता है।इसके बारे में सभी को जानकारी होना जरूरी है। अधिकांशत लोग मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को कैसे सही किया जाए, इस पर कार्य करना बहुत जरूरी है।

## अंत्योदय राशन कार्डधारकों को आवंटित खाद्यान्न का होगा नि:शुल्क वितरण

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 अन्तर्गत वितरण के लिए आवंटित गेहूँ व चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा गेहूँ तथा 21 किग्रा चावल (35 किग्रा खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से संबद्ध यूनिटों पर दो किग्रा गेहूँ व तीन किग्रा चावल ( 05 किग्रा खाद्यान्न ) प्रति यूनिट के आधार पर नि:शुल्क वितरण किया जाना है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक जनवरी 2023 से एक वर्ष के लिए नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने विषयक निर्णय के क्रम में माह अक्टूबर में आवंटित खाद्यान्न का नि:षुल्क वितरण कराया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## खबरें फटाफट

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने खोला 40 छात्रों का खाता

**चंदौली।** बैंक स्कूल के द्वार कार्यक्रम के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से किसान इंटर कॉलेज सैदूपुर में मंगलवार को कैंप लगाकर कुल 40 छात्र-छात्राओं का खाता खोला गया। खाता खोलने का कार्य पूरे एक सप्ताह तक चलेगा। कैंप में बैंक ऑफ बडौदा सैदूपुर शाखा के प्रबंधक आशीष कुमार तिवारी की देखरेख में कक्षा 6 से 12 तक के कुल 40 विद्यार्थियों का अकाउंट खोला गया। जिनका अभी तक किसी भी बैंक में खाता नहीं था, जिसके कारण सरकार द्वारा छात्रवृत्ति सहित मिलने वाली कई सुविधाओं से छात्र वंचित थे। अकाउंट खोलने के साथ ही उन्हें अब किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक की ओर से पूरे एक सप्ताह तक कॉलेज में खाता खोलने का काम किया जाएगा, जिससे कि स्कूल के किसी भी बच्चों का बैंक अकाउंट के कारण कार्य बाधित न होने पाए।

### बालिका दिवस पर ग्राम्या का कार्यक्रम आज

**चंदौली।** ग्राम्या संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला कल्याण विभाग की ओर से संयुक्त रूप से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में दोपहर एक बजे कार्यक्रम होगा। ग्राम्या संस्था नौगढ़ और चकिया ब्लाक में अत्यंत पिछड़े समुदायों के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। संस्था की ओर से नौगढ़ और चकिया ब्लाक में 20 चनियत ग्राम पंचायतों में कुल 1200 किशोरियों और 600 महिलाओं के लिए डीएमए प्रोजेक्ट क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य लक्षित समूहों के बीच जेण्डर आधारित भेदभाव, जेण्डर आधारित हिंसा के मुद्दों पर किशोरियों व महिलाओं की क्षमता विकास, जागरूकता एवं समझ निर्माण के द्वारा इसमें कमी लाना, विशेषत: किशोरियों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए माहवारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देने के साथ ही स्वस्थ आदतों व प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है।

### कैमरा लूटने वाला बाल अपचारी व अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**चंदौली।** दो दिन पूर्व धानापुर में हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त व एक बाल अपचारी को धानापुर पुलिस ने धर दबोचा। धानापुर पुलिस ने अभियुक्तों व बाल अपचारी की धर-पकड़ सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर की। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त व बाल अपचारी द्वारा अपना जुर्म स्वीकारा किया गया। साथ ही लूटे गए कैमरे के बारे में पुलिस को जानकारी दी। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए बैग व कैमरा को बरामद कर लिया। हालांकि प्रकरण को अंजाम देने वाले दो अन्य अभियुक्त अभिमन्यु सिंह व शिवम चौबे की तलाश की जा रही है। उक्त प्रकरण का मंगलवार को पुलिस लाइन में एएसपी विनय कुमार सिंह व सीओ राजेश राय ने खुलासा किया।

### सम्मेलन के लिए कार्यशाला आयोजित

**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति सम्मेलन की तैयारी को लेकर जनपद के सभी 34 मंडलों की कार्यशाला अलग अलग स्थानों पर मंडल अध्यक्षों कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के मौजूद पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार के गुणवत्ता पूर्ण मानकों के अनुसार समाज के गरीब और कमजोर लोगों के लिए चलाए गए कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। गाजीपुर सदर पश्चिमी मंडल की बैठक भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर मंडल अध्यक्ष गोपाल राय की अध्यक्षता में हुई । 2014 के बाद में विकास कार्यों का जो मापकता तय हुई है उससे देश की बुनियाद और समाज का हर वर्ग मजबूत हुआ है। जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा ने कहा कि देश का आज आर्थिक विकास दर

## एक नजर

### स्व. मुलायम सिंह यादव के जमीनी जुड़ाव को भुलाया नहीं जा सकता: बाबूलाल



**पीडीडीयू नगर।** नगर स्तिथ कार्यालय में मंगलवार को सपा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि मुलायम सिंह जी अग्रणी नेता होते हुए भी जनता के अपने थे, जनता के बीच थे। उनके जमीनी जुड़ाव को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ये गुण अब तो एक विरलता बन चुका है। मुलायम सिंह भले ही किसी भी पद पर रहे हों लेकिन सबके लिए सदा सुलभ थे। लोगों से मिलना जुलना उनके जीवन का अंग था। कोई भी उनसे सहजता पूर्वक मिल सकता था। ये क्वालिटी ताउम्र उनमें रही। इस मौके पर प्रेमनाथ तिवारी, राजकुमार जायसवाल, तेजबली यादव, कमलेश यादव, परवेज अहमद, ओसाफ अहमद, बैजनाथ यादव, सभासद पारस यादव, संजय कुमार, संतोष कुमार, राजकुमार कन्नौजिया, विनोद यादव विनोद पटेल, स्वदेशी गुप्ता, जोगेंद्र यादव जोगी, अखिलेश जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

### पूर्व रक्षामंत्री की पुण्यतिथि पर योजनाओं की चर्चा कर सरकार को कोसा




**गाजीपुर।** जखनियां विकास खंड अंतर्गत सपा कार्यालय पर मंगलवार की दोपहर ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रवेश गोड के नेतृत्व में पूर्व रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जलित किया व श्रद्धांजलि देते हुए कार्यकताओं ने मुलायम सिंह यादव की योजनाओं की जमकर सराहना की। साथ ही सूबे की सरकार को जमकर कोसा। पूर्व ब्लाक प्रमुख गरीब राम ने कहा कि देश के लिए जो मुलायम सिंह यादव ने रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए कार्य किया उसका पूरा देश स्मरण करता है। अगर आज शहीद के बेटे का पार्थिव शरीर घर तक आ रहा है, तो यह रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की देन है। मुलायम सिंह यादव ने हर वर्ग के लिए आर्थिक आधार से ऊपर उठकर कुछ कर सके उसके लिए भी मुलायम सिंह यादव ने तमाम योजनाएं दी। जिसका परिणाम रहा की मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण से भी नवाजा गया। जखनियां ब्लाक अध्यक्ष राम प्रवेश गोड ने कहा कि एक जमाना था मुलायम सिंह यादव का जखनियां से काफी लगाव था और राजनीतिक कैरियर में जखनियां से ही उन्होंने छेदी राम को विधायक बनाया और यहां के लोगों के साथ बाटी चोखा और दाल पिठौरी खाने का शौकीन रहे।

### संकुल की बैठक में बीईओ ने दिए निर्देश



**गाजीपुर।** जखनियां खंड शिक्षा संसाधन सभागार में मंगलवार को दस बजे से खंड शिक्षाधिकारी निर्लेंदु चौधरी के नेतृत्व में शिक्षण संकुल की मासिक बैठक आहूत की गई। जिसमें एआरपी राजेश भारती ने पिछले बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा पर जमकर चर्चा की। लोगों से कार्यों को लेकर बातचीत किए। संपूर्ण शिक्षक द्वारा स्वयं के विद्यालय को दिसंबर 2023 तक निपुण बनाने पर भी योगदान देने और विज्ञान आविष्कार परीक्षा की सूचना संकुल शिक्षक द्वारा बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ मंथ का प्रदर्शन को लेकर बेहतर कार्य करने और राज्य में अच्छे नंबर लाने को प्राथमिकता पर बल दिया। इसी सिलसिले में खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने कहा कि निपुण लक्ष्य प्राप्ति प्रभावी रूप से प्रयास करने के लिए निर्देश दिया गया। समस्याओं का समाधान आपसी विचार -विमर्श करते हुए हल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय न्याय पंचायत स्तरीय खेल रैली का आयोजन प्रत्येक विद्यालय में कराएं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियां बच्चों के लिए आवश्यक है। परिवार संरक्षण के तहत विद्यालयों में नहीं नामांकित बच्चों को विद्यालय में नामांकन करना है। इस मौके पर आरपी राजेश भारती, श्याम सुंदर जी, राधेश्याम यादव, रामजन्म यादव, रामकुवर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बछौली के छात्रों को मिला प्रथम स्थान



**चहनियां (चंदौली)।** ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने मुख्य अतिथि मनोज कुमार गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा टोपी लगाकर उनका सम्मान किया। कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के बच्चों ने रिंकी पाल के निर्देशन में मुख्य अतिथि को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया तथा डंबल और लेजिम का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मंत्र मुग्ध कर दिया। खेल प्रशिक्षक गौतम लाल के निर्देशन में विद्यालय की बच्चियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी तथा अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया । बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बछौली के बच्चों ने प्रथम स्थान तथा प्राथमिक विद्यालय पपौरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।प्राथमिक बालिका में मोलनापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा लक्ष्मणगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

### लखनऊ में आयोजित वामपंथी रैली को सफल बनाने के लिए जखनियां से रवाना हुए लोग

**गाजीपुर।** बामपंथियों का लखनऊ में 11 अक्टूबर को होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए मंगलवार को जखनियां रेलवे स्टेशन पर तकरीबन 100 सीपीएम नेता विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में शाम साढ़े पांच बजे जखनियां से वाराणसी भटनी पैसेंजर से मऊ के बाद साप्ताहिकी ट्रेन पकड़ लखनऊ के लिए कूच किए। इस सिलसिले में सीपीएम जिला सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि लखनऊ के रैली में जखनियां के भी विकास के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी साथ ही देश के अंदर महंगाई, भ्रष्टाचार, कानून की लचर व्यवस्था पर भी सवाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जखनियां विधानसभा की जो हालात है वह किसी से छिपा नहीं है। यहां की कानून व्यवस्था भी दलाली का अड्डा बन गया है। गरीब जनता की कोई सुनवाई थानों पर नहीं हो रही है, जहां पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देश दिया जाता है कि स्थान पर फरियादियों से बड़े-बढ़िया व्यवहार करें, लेकिन स्थान पर इन दोनों गरीब को बाहर बैठाया जाता है।